परेशानी — धनगांव-दुपट्टा में घटिया निर्माण और मानकों की अनदेखी से ग्रामीण आक्रोशित

# बिना सूचना बोर्ड और नाली के बन रही करोड़ों की सड़क



**बबलिया 21 नबंवर नभाप्र.** विकासखंड मोहगांव के अंतर्गत ग्राम धनगांव और ग्राम दुपट्टा क्षेत्र में बन रही नई सड़क निर्माण में भारी अनियमितता की जा रही है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत ग्राम दुपट्टा से धनगांव होते हुए पांडा टोला जाने वाली सड़क में ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जहाँ बड़े पुलों की आवश्यकता थी, वहां केवल छोटे पाइप डाल दिए गए हैं, जिससे वर्षा ऋतु में पूरी सड़क बह जाने का खतरा है। सड़क की चौड़ाई भी निर्धारित मानकों से कम है और पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण तक नहीं कराया गया है। बताया गया कि नियमों के अनुसार निर्माण स्थल पर एक सूचना बोर्ड होना अनिवार्य है, जिसमें सड़क की लागत, लंबाई, चौड़ाई, सामग्री का विवरण और निर्माण एजेंसी का नाम अंकित हो। लेकिन मौके पर ऐसा कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है। इससे ग्रामीणों को यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, आरईएस विभाग या जनमन योजना में से किस एजेंसी द्वारा बनाई जा रही है।

### वन विभाग की जमीन पर अवैध कटाई

आरोप है कि दुपट्टा गांव जो चारों तरफ से जंगल से घिरा है, वहां ठेकेदार ने वन विभाग की अनुमति के बिना मनमाने ढंग से पेड़-पौधे खोद डाले हैं। कई पेड़ों को जेसीबी से उखाड़कर मलबे में दबा दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे यह जंगल में मंगल और मिलीभगत का स्पष्ट उदाहरण बन गया है।



### ग्रामीणों की चेतावनी नियम व प्राक्कलन के अनुरूप हो कार्य

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क का निर्माण प्राक्कलन और नियमों के अनुसार कराया जाए जिससे आवागमन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस घटिया निर्माण और अनियमितताओं पर रोक नहीं लगाई गई, तो बरसात में यह सड़क बह जाएगी और शासकीय राशि का पैसा बर्बाद होगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# लूटकांड-20 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, घायल सराफा व्यापारी जबलपुर रेफर

ग्रैंड विटारा से आए थे हमलावर, मंडला में नाकाबंदी, सीसीटीवी खंगाल रहीं पुलिस

**मंडला 21 नबंवर नभाप्र.** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम कटरा स्थित आयुषी ज्वेलर्स में गुरुवार रात हुई सनसनीखेज लूट और गोलीकांड के 20 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। घटना के बाद पुलिस ने पूरे जिले में सघन नाकाबंदी की, लेकिन लुटेरे चकमा देने में सफल रहे। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में पड़ोसी जिलों और राज्यों में दबिश दे रही है। जानकारी अनुसार इस वारदात में सराफा व्यापारी को गोली लगी थी, गोली लगने से घायल ज्वेलरी संचालक आयुष सोनी की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। शुक्रवार सुबह उन्हें जिला



अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने बताया कि आयुष को तीन गोलियां लगी थीं। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर घुटने और जांघ में फंसी गोलियां निकाल दी हैं, लेकिन पीठ में लगी गोली के टुकड़ों से अंदरूनी नुकसान की आशंका को देखते हुए उन्हें रेफर करने का निर्णय लिया गया।

### सात टीमें कर रहीं सीसीटीवी की जांच

मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की सात विशेष टीमें गठित की गई हैं जो लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। नाकाबंदी के दौरान कुछ संदिग्ध वाहनों के रास्ता बदलने की सूचना मिलने पर पुलिस ने अंदरूनी मार्गों पर भी निगरानी बढ़ा दी है। एसडीओपी और अन्य अधिकारी स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### लूट में ग्रैंड विटारा कार का किया इस्तेमाल

बताया गया कि जांच में सामने आया है कि वारदात में ग्रैंड विटारा कार का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस अब कार के डीलर और आरटीओ के माध्यम से वाहन मालिक की जानकारी जुटाने में लगी है। इस बीच बालाघाट से आई एफएसएल टीम ने घटना स्थल से खाली खोखे, फिंगर प्रिंट और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस प्रशासन का दावा है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिना माचिस आग लगाकर छात्रों ने दिया वैज्ञानिक सोच का संदेश

वैज्ञानिक प्रयोगों से दर्शक हुए हैरान, जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में जादू नहीं विज्ञान संगोष्ठी आयोजित



**मंडला 21 नबंवर नभाप्र.** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में जादू नहीं विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करना था। कार्यक्रम में प्राचार्य कल्पना नामदेव ने विज्ञान से जुड़ी जिज्ञासाओं पर आधारित प्रश्न पूछकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने मंच पर विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से दिखाया कि जिसे आम लोग जादू समझते हैं, वह वास्तव में विज्ञान या हाथ की सफाई है। छात्रों ने बिना माचिस के आग जलाना और पानी से नारियल जलाना जैसे प्रयोग करके दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन घटनाओं के पीछे केवल वैज्ञानिक कारण और तकनीक होती है।

### शिक्षकों का रहा विशेष मार्गदर्शन

विद्यार्थियों ने रूढ़िवादिता और अंधविश्वास पर चोट करती हुई एक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम संयोजक रंजना पांडे ने जादू नहीं विज्ञान की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को इन प्रयोगों के लिए तैयार करने में वरिष्ठ शिक्षक वंदना श्रीवास्तव, बीके चौरसिया, अपराजिता पाठक, शैलेश जायसवाल और प्रवीण अग्रवाल ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया। आयोजन को सफल बनाने में एनसीसी ऑफिसर विपिन लखेरा और संजय धनगर का विशेष सहयोग रहा।

# 1 .45 लाख की अवैध मदिरा जब्त, कलेक्टर के निर्देश पर ऑपरेशन जारी

मंडला में अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई

नर्मदा किनारे 13 क्विंटल महुआ लाहन किया नष्ट, 6 प्रकरण दर्ज

**मंडला 21 नबंवर नभाप्र.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मंडला जिले में अवैध शराब के संग्रहण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई में शुक्रवार को कारीकोन, महाराजपुर और मानादेही क्षेत्रों में सघन दबिश दी गई। बताया गया कि ग्राम कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम ने मानादेही में नर्मदा नदी के किनारे चल रहे अवैध मदिरा निर्माण और विक्रय के तीन अड्डों पर छापा मारा। मौके से 130 डिब्बों में भरा लगभग 1300 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 30 हजार रुपये बताई गई है। जनहित को ध्यान में रखते हुए जब्त किए गए पूरे लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही इन अड्डों से 75 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा भी जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 11 हजार 250 रुपये है। बताया गया कि मानादेही के अलावा



कारीकोन क्षेत्र में भी अवैध मदिरा विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए। यहां से 20 लीटर कच्ची मदिरा और 18 बोतल प्लेन मदिरा जब्त की गई। आबकारी विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई में जब्त की गई मदिरा और लाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 45 हजार 750 रूपए बताई गई है। इसके साथ ही ज्ञात और अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

### दबिश में ये अधिकारी रहे शामिल

इस कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी और शैली सैयाम के साथ प्रधान आरक्षक भानु पुसाम, दुर्जन कुलेश, शकुंतला सैयाम, प्रिया नायडू, विजय कमलेश, सत्यपाल मरावी, रघुनाथ उइके, कन्हैया और महेश पटेल उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

साप्ताहिक बाजार से लौट रहे परिवार पर टूटा कहर

थानमगांव निवासी एक व्यक्ति की मौके पर मौत

**निवास 21 नबंवर नभाप्र.** निवास थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की शाम निवास से कालपी मार्ग के बीच ग्राम कुशमी के पास एक हृदय विदारक सड़क दुर्घटना हो गई। दो बाइकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी अनुसार सुखदेव ओयाम 29 वर्ष, उनकी पत्नी सुलोचना ओयाम 24 वर्ष और छोटा भाई जितेंद्र कुमार



ओयाम 17 वर्ष अपनी बाइक से निवास मुख्यालय में साप्ताहिक बाजार गए हुए थे और अपने ग्राम थानमगांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कुशमी ग्राम के पास सामने से आ रहे झिंझरा निवासी अनूप सिंह 38 वर्ष की बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनूप सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दूसरी बाइक पर सवार तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।



### पुलिस ने दर्ज किया मामला

दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना निवास पुलिस को भी दे दी गई है। रात्रि होने के कारण मृतक अनूप सिंह का पोस्टमार्टम आज शनिवार को किया जाएगा। निवास पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# आकांक्षी ब्लॉक मवई में संपूर्णता अभियान के उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान


जनपद अध्यक्ष मनीषा मरकाम की अध्यक्षता में मवई में सम्मान समारोह



**भुआबिछिया 21 नबंवर नभाप्र.** जनपद पंचायत मवई में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष मनीषा प्रहलाद मरकाम ने की, जिन्होंने सभा को संबोधित भी किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास समेत अन्य संबंधित विभागों के सीएचओ, एएनएम, पर्यवेक्षक, आशा कार्यकर्ता, अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को अनंत सिंह राठौर, हरे सिंह पंद्रे समेत अन्य जनपद सदस्यों और विपिन राय सांसद प्रतिनिधि ने भी संबोधित किया। इस दौरान नायब तहसीलदार, सीईओ, बीईओ, बीएमओ, एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डॉ . प्रवीण तोगड़िया मंडला में करेंगे विशाल सभा को संबोधित, 23 को सजेगा हिंदू साथी मिलन का मंच

**मंडला 21 नबंवर नभाप्र.** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया आज शनिवार को मंडला जिले के प्रवास पर पहुँच रहे हैं। वे यहां 23 नवंबर को कृषि उपज मंडी में आयोजित विशाल हिंदू साथी मिलन कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। बताया गया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. तोगड़िया आज रात लगभग 8 बजे सिवनी जिले से नैनपुर



पहुँचेंगे। नैनपुर में कुछ परिवारों से भेंट करने के बाद वे चिरईडोंगरी होते हुए रात 9 बजे मंडला मुख्यालय पहुँचेंगे। यहाँ वे स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रात्रि विश्राम करेंगे।

# नैनपुर के दो बीएलओ जिला मुख्यालय में सम्मानित

उत्कृष्ट चुनावी कार्य के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बीएलओ को शॉल-श्रीफल किया भेंट

**नैनपुर 21 नबंवर नभाप्र.** मंडला जिले के नैनपुर विकासखंड के दो बूथ लेवल ऑफिसर को शत-प्रतिशत गणना पत्र का ऑनलाइन डिजिटाइजेशन सावधानी पूर्वक पूर्ण करने के लिए सम्मानित किया गया। बताया गया कि मतदान केंद्र 121 के बीएलओ आनंद सिंगोर और बूथ 112 की ज्योति जंघेला को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए चुना गया। सर्वप्रथम एसडीएम, एसडीओपी और तहसीलदार नैनपुर ने उन्हें प्रोत्साहित किया।




इसके बाद जिला कलेक्टर सोमेश ने उन्हें जिला मुख्यालय बुलाकर शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया। यह सम्मान निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सावधानी और सटीकता के लिए दिया गया।

# इतिहास का वह अनूठा क्षण, जब गुरु ने शिष्य के चरणों में नमन कर सौंपी आचार्य पद की जिम्मेदारी



**मंडला 21 नबंवर नभाप्र.** आज 22 नवंबर का दिन जैन समाज और भारतीय अध्यात्म के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज है। आज से ठीक 53 वर्ष पूर्व इसी तारीख को गुरु और शिष्य के बीच वात्सल्य और त्याग का एक ऐसा दृश्य उपस्थित हुआ था, जिसकी मिसाल मिलनी मुश्किल है। यह वह दिन था जब संत शिरोमणि आचार्य ज्ञानसागर महाराज ने अपने ही शिष्य मुनिश्री विद्यासागर को अपना आचार्य पद सौंपकर स्वयं को उनका शिष्य स्वीकार किया था।

जानकारी अनुसार 22 नवंबर 1972 को राजस्थान के अजमेर जिले के नसीराबाद स्थित श्री दिगंबर जैन नसियाजी मंदिर में प्रातः 9 बजे एक ऐतिहासिक धर्मसभा जुड़ी थी। आचार्य श्री ज्ञानसागर ने वृद्धावस्था और शारीरिक शिथिलता को देखते हुए समाधिमरण की भावना से अपना पद त्यागने का निर्णय लिया था। हालांकि निरीह वृत्ति के धारी मुनिश्री विद्यासागर इस पद को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन गुरु की आज्ञा और समाज के आग्रह के समक्ष उन्हें नतमस्तक होना पड़ा।

### जब गुरु ने शिष्य की प्रदक्षिणा की

प्रत्यक्षदर्शियों और शास्त्रों के अनुसार आचार्य ज्ञानसागर ने मुनि विद्यासागर को अपने हाथों से आचार्य आसन पर बिठाया और स्वयं नीचे मुनि आसन पर बैठ गए। नवोदित आचार्य श्री विद्यासागर के आचार्य संस्कार करने के बाद वृद्ध गुरु ने उन्हें नमोस्तु किया और तीन प्रदक्षिणा लगाकर निवेदन किया, हे आचार्यश्री मैं आपके निर्देशन में समाधि लेना चाहता हूं। आप मुझे अपना शिष्य स्वीकार करें। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गई थीं।

### 51 वर्षों का स्वर्णिम कालखंड

आचार्य श्री विद्यासागर जी ने गुरु आज्ञा को शिरोधार्य कर न केवल 51 वर्षों तक आचार्य पद को सुशोभित किया, बल्कि हथकरघा, प्रतिभा स्थली, गौ-सेवा और पाषाण जिनालयों के निर्माण जैसे कार्यों से जन-जन का कल्याण किया। मुनि श्री प्रणम्यसागर की पंक्तियां इस त्याग को बखूबी बयां करती हैं, स्वयं शिष्य के चरणों में आ, बैठ अहं को गला दिया। आज इस ऐतिहासिक दिवस पर पूरा समाज उस महान गुरु-शिष्य परंपरा को नमन कर रहा है।

# नदियों में बढ़ते प्रदूषण और गिरते मत्स्य उत्पादन पर जताई चिंता

विश्व मछुआरा दिवस- जल संपदा के संरक्षण और अधिकारों के लिए मछुआरों ने लिया संकल्प

**मंडला 21 नबंवर नभाप्र.** विश्व मछुआरा दिवस के अवसर पर किला वार्ड में मछुआरा समुदाय ने बैठक आयोजित कर जल संपदा पर अपने अधिकार और उसके संरक्षण का संकल्प लिया। बैठक में वक्ताओं ने गहरी चिंता व्यक्त की कि औद्योगिक अपशिष्टों के कारण नदियां जहरीली हो रही हैं। इससे न केवल पानी की गुणवत्ता गिर रही है, बल्कि मछलियों की कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार



पर हैं, जिससे मछुआरों की आजीविका पर संकट गहरा गया है। बरगी बांध मत्स्य संघ के अध्यक्ष मुन्ना बर्मन ने कहा कि मछुआरों की रोजी-रोटी पूरी तरह नदी और बांधों पर निर्भर है, इसलिए इनका प्रदूषण मुक्त रहना अनिवार्य है। बैठक में मछुआरों ने आक्रोश जताया कि उन्हें पिछले दो वर्षों से बचत सह राहत योजना की राशि नहीं मिली है। साथ ही बरगी जलाशय में लगातार गिरते मत्स्य उत्पादन को लेकर भी चर्चा हुई। बताया गया कि मध्य प्रदेश श्रमिक मछुआरा संघ ने इन मुद्दों पर 11 नवंबर को मत्स्य मंत्री और विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखा है।

### लाखों लोगों की आजीविका का सवाल

प्रदेश में लगभग 15-16 लाख लोग मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हैं, लेकिन बिचौलियों के कारण उन्हें उचित लाभ नहीं मिल पाता। कार्यक्रम में किला वार्ड मछुआरा सहकारी समिति अध्यक्ष रमेश नंदा, सुरंग देवरी मानादेही समिति सचिव दीनानाथ, जिला मांझी समाज उपाध्यक्ष बैसाखु नंदा, मांझी संघर्ष समिति प्रदेश अध्यक्ष अशोक नाविक, खुबचंद नंदा, परमानंद नंदा, भारत लाल नंदा, सावित्री बाई नंदा उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया बड़ चौराहा का निरीक्षण

**मंडला 21 नबंवर नभाप्र.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बड़ चौराहा के प्राचीन वटवृक्ष के आसपास चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने नगर पालिका की टीम से वृक्ष के चारों ओर किये जा रहे आरसीसी के कार्य की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने वृक्ष के आसपास के परिसर को खाली कराने और कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। विदित है कि यहाँ 24



नवम्बर को क्रांतिवीर स्मृति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एवं वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस दौरान एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर — फिक्स डे शिविर में 27 महिलाओं का दूरबीन पद्धति से नसबंदी ऑपरेशन हुए

# सीएचसी नारायणगंज में 27 महिलाओं का सफल नसबंदी ऑपरेशन, मिली नि :शुल्क सेवा

**मंडला 21 नबंवर नभाप्र.** महिला नसबंदी शिविर शिविर फिक्स डे के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में आयोजित किया जा रहा है। आयोजित नसबंदी शिविर में चयनित महिलाओं को निःशुल्क सेवा प्रदान की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में आयोजित नसबंदी शिविर में 27 महिलाओं ने नसबंदी कराने रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर में सभी महिलाओं का जांच परीक्षण किया गया। जिसके बाद सभी महिलाओं का नसबंदी ऑपरेशन के लिये चयन किया गया। शिविर में आई महिलाओं की नसबंदी ऑपरेशन के बाद निःशुल्क दवाएं देकर डिस्चार्ज किया गया।



जानकारी अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में दूरबीन पद्धति से महिला नसबंदी शिविर के लिये अधिकारियों, कर्मचारियों को तैनात किया गया था। जिससे शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हो सके। शिविर के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ को जिम्मेदारी सौंपी गई। शिविर में प्रशासनिक व्यवस्था के लिए शिविर प्रभारी सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल, महिलाओं के पंजीयन के लिए बीईई विजय मरावी, मदन लाल परते, नरेन्द्र सुपरवाईजर, काउंसिलिंग संध्या मरावी, महिला जांच एवं परीक्षण के लिए नर्सिंग ऑफीसर राजकुमारी सैयाम, बीपी जांच डॉ. राजेश अहिरवार, डॉ. राकेश विश्नोई, पैथालॉजी जांच के लिए मोनिका सिंगरौरे, प्रदीप कछवाहा और वीर सिंह, ओटी में सोनिका उइके, प्रर्मिला पुष्पकर, प्रतिमा हरदहा, सपना पटेल, सूरज यादव, नसबंदी ऑपरेशन के पूर्व इंजेक्शन एवं ड्यूटी में नर्सिंग स्टाफ निश्तेतक इंजेक्शन लगान के लिए डॉ. देशबंधु उइके, कैम्प की व्यवस्था के लिए फार्मासिस्ट कमलेश सिंह समेत अन्य व्यवस्थाओं में स्टाप के अन्य कर्मचारियों ने सहयोग किया।




सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल ने बताया कि शिविर में एलटीटी सर्जन डॉ. गौरव जेटली ने नसबंदी ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के पूर्व मेडिकल ऑफीसर द्वारा जांच की गई। महिलाओं का ऑपरेशन से पूर्व यूरिन, रक्त समेत अन्य जांचे पैथोलॉजी में कराई गई। अस्पताल परिसर में नसबंदी ऑपरेशन कराने पहुंची महिलाओं ने परिजनों व छोटे बच्चों के साथ डेरा डाल दिया था। सभी जांचों के बाद महिलाओं का नसबंदी ऑपरेशन किया गया।